Live Dastak

वृक्षारोपण कर लिया जीवन बचाने का संकल्प

DN Verma, 10 जुलाई 2022 । उत्तर प्रदेश 6 Views

विराम खंड 5 और एसएमएस ने वसंती पार्क में किया वन महोत्सव कार्यक्रम

लखनऊ : विराम खंड 5, जनकल्याण समिति और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के संयुक्त प्रयास से वसंती पार्क में बन महोत्सव के क्रम में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इसमें एसएमएस के महानिदेशक व पर्यावरणविद डॉ भरत राज सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिह, विराम.5, जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ.बी.आर. सिंह, सचिव अरुन त्रिवेदी, संरक्षक रामायण सिह,गोरख प्रसाद निषाद, भूतपूर्व मंत्री, भाजपा उमेश चंद तिवारी, आईएएस (सेवानिवृत्त) और ई. एसबीएल मेहरोत्रा आदि ने प्रकृति की सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया तथा इस कार्यक्रम को तीव्र गति देकर सफल बनाने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम के पश्चात कालोनी के वरिष्ठ नागरिकों और समिति के सदस्यों ने कॉलोनी व आसपास के इलाके में पेड़ लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया तथा जीवन बचाने, पृथ्वी बचाने की शपथ भी ली।